संख्या-473/78-1-2026- 1936531

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3- समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।
4- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, समस्त औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
5. समस्त उद्योग संघ, उ0प्र0।

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 28 अप्रैल, 2026

विषयः- उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अन्तर्गत इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहनों हेतु दिशा-निर्देश एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना संख्या 1186/78-1-2025-78-01099/223/2025 दिनांक 04 सितम्बर 2025 द्वारा "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 (UP ECMP-2025)" अधिसूचित की गई है। "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025" दिनांक 01 अप्रैल, 2025 से 06 वर्ष तक प्रभावी रहेगी।

2 - "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025" के अन्तर्गत इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहनों हेतु दिशा-निर्देश एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया निम्नवत् निर्धारित की जाती हैः-

1. प्रस्तावना

1.1 इस शासनादेश को आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना संख्या 1186/78- 1-2025-78-01099/223/2025 दिनांक 04 सितम्बर 2025 द्वारा अधिसूचित "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025" के अधीन प्रोत्साहन के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश के रूप में सन्दर्भित किया जायेगा।

1.2 यह शासनादेश नीति के अन्तर्गत अध्याय-5 में प्रदत्त प्रोत्साहन लाभों के क्रियान्वयन हेतु 06 (छह) वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी रहेगा।

2. परिभाषाएं

2.1 उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अन्तर्गत उल्लिखित पात्रता तथा परिभाषाएं, नीति के अंतर्गत प्रदत्त प्रोत्साहनों हेतु प्राप्त आवेदनों को संसाधित

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

करने के लिए पात्रता तथा परिभाषाएं निम्न प्रकार हैः:-

2.2 प्रभावी तिथि का अभिप्राय उस तिथि से है, जिस तिथि से यह नीति प्रभावी हुई है, अर्थात् (01 अप्रैल 2025)

2.3 प्रभावी अवधि का अभिप्राय उस अवधि से है, जो प्रभावी तिथि से आरम्भ होकर उस अवधि (06 वर्ष) तक, जिसके लिए यह नीति लागू रहेगी अथवा जब तक राज्य सरकार द्वारा इसमें कोई संशोधन अथवा निरसन नहीं किया जाता है।

2.4 पात्र औद्योगिक उपक्रम का अभिप्राय किसी कम्पनी, साझेदारी फर्म के रूप में गठित इकाई के स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रम (संयुक्त क्षेत्र अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक, उपक्रम को छोड़कर, जिसमें सरकार अथवा सरकारी उपक्रम की शेयर पूंजी 50 प्रतिशत अथवा अधिक हो), एलएलपी, सोसायटी, ट्रस्ट, औद्योगिक सहकारी समिति, स्वामित्व वाली संस्था से है, जो विनिर्माण, उत्पादन के कार्य में संलग्न हो तथा नवीन अथवा विस्तारीकरण अथवा विविधीकरण परियोजना के रूप में स्थापित हो। यहाँ ''विनिर्माण'' का अभिप्राय कच्चे माल अथवा इनपुट के किसी भी विधि से है जिसके परिणामस्वरूप एक पृथक नाम, प्रकृति एवं उपयोग वाले नवीन उत्पाद का उद्भव होता है।

2 . 5 **आवेदक/कम्पनी**: इस नीति के प्रयोजन हेतु आवेदक को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अन्तर्गत एक परियोजना स्थापित करने हेतु भारत में पंजीकृत एक विधिक इकाई होना चाहिए। इस प्रस्ताव को ''निवेश मित्र'' पोर्टल के माध्यम से नीति के अन्तर्गत नामित नोडल संस्था (यूपीएलसी) को प्रस्तुत किया गया हो।

2.6 **विस्तारीकरण** का अभिप्राय एक ऐसे वर्तमान औद्योगिक उपक्रम से है जो नवीन पूंजी निवेश के माध्यम से अपने सकल ब्लॉक में न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि करता है।

2.7 **विविधीकरण** का अभिप्राय एक ऐसे वर्तमान औद्योगिक उपक्रम से है, जो वर्तमान उत्पाद से पूर्णरूपेण पृथक प्रकृति के उत्पाद (तथा किसी विद्यमान उत्पाद का दूसरा स्वरूप नहीं हो) का विनिर्माण करता है। इसके अतिरिक्त विविधीकरण के अन्तर्गत प्रोत्साहन हेतु पात्र होने के लिए औद्योगिक उपक्रम को अपने सकल ब्लॉक मे न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि करनी होगी।

2.8 **अनुमोदित परियोजना**: का अभिप्राय है, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कोई परियोजना।

2.9 **स्थिर पूंजी निवेश**: का अर्थ है, निवेश की पात्र अवधि के दौरान भवन, संयंत्र और मशीनरी, यूटीलिटीज, औजार और उपकरणों तथा अन्तिम उत्पाद (end Product) के विनिर्माण हेतु आवश्यक ऐसी ही किसी भी अन्य परिसम्पति में किया गया निवेश। स्थिर पूंजी निवेश (FCI) के अन्तर्गत भवन, संयंत्र एवं उपकरण/मशीनरी जैसे पूंजीगत निवेश एवं परिसम्पतियों सम्मिलित हैं। स्थिर पूंजी निवेश के आगणन हेतु निम्नलिखित को सम्मिलित किया जायेगाः-

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

(i) स्थिर पूंजी निवेश के आगणन हेतु भूमि के मूल्य को शामिल नहीं किया जायेगा।

(ii) भारत सरकार की इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण योजना-2025 के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजनाओं से इतर अन्य परियोजनों के पूंजी निवेश की गणना के उद्देश्य से भूमि व भवन पर किये गये निवेश लागत को बिना सम्मिलित किये इकाई द्वारा की जा रही पात्र स्थिर पूंजी निवेश की राशि के 30 प्रतिशत की सीमा अथवा रूपये 50 करोड़ तक में, जो भी कम हो (कारखाना भवन/निर्माण सहित) पर किया गया व्यय के रूप में पात्र पूंजी निवेश के रूप में सम्मिलित किया जायेगा।

2.10 **अपात्र पूंजी निवेश**-कार्यशील पूंजी; साख, रॉयल्टी, प्रारम्भिक एवं संचालन पूर्व व्यय, ब्याज का पूंजीकरण, कैप्टिव उपयोग को छोड़कर बिजली उत्पादन, तकनीकी-ज्ञानशुल्क/परामर्शी-शुल्क, पुराने संयंत्र एवं मशीनरी, लाइसेन्स, अमूर्त परिसंपत्ति (Intangible Assets), को छोड़कर, जैसा कि इस नीति में पारिभाषित पूंजी निवेश के संयंत्र और मशीनरी मद के अंतर्गत उल्लेख किया गया है, को अपात्र पूंजी निवेश माना जाएगा। पूंजी निवेश की गणना के लिए ऐसे मदों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2.11 **वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने की तिथि** का अर्थ है वह तिथि जब अनुमोदित परियोजना में कम्पनी द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ किया जाता है।

2.12 **वित्तीय व्यवस्था** (Financial Closure): वित्तीय व्यवस्था का अर्थ है:-

(अ) प्रस्तावित निवेश के ऋण अंश के लिए पुष्ट, ऋण-अनुबन्ध तथा

(ब) ईक्विटी के लिए धन जुटाने हेतु ईक्विटी प्रदाताओं की प्रतिबद्धता हेतु दिया गया, कानूनी रूप से बाध्यकारी वचन-पत्र अथवा

(स) विद्यमान इकाई की स्थिति में, फण्डिंग हेतु आन्तरिक रूप से धन जुटाने की प्रतिबद्धता हेतु कानूनी रूप से बाध्यकारी वचन-पत्र

(द) विदेशी निवेशकों को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) से सम्बन्धित भारत सरकार द्वारा प्रदान किया अनुमोदन-पत्र

2.13 **प्रौद्योगिकी हस्तान्तरण शुल्क** को परियोजना लागत में इस प्रतिबन्ध सहित सम्मिलित किया जायेगा कि निवेशक द्वारा प्रौद्योगिकी का क्रय किया गया हो। यदि प्रौद्योगिकी साझेदार/सह-प्रवर्तक द्वारा प्रदान की जाती है तो इसे परियोजना लागत में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

2.14 **प्रत्यक्ष कर्मचारी**: का अर्थ है कम्पनी के पे-रोल पर काम करने वाले सभी कर्मचारी/ श्रमिक

2.15 **अप्रत्यक्ष कर्मचारी**: का अभिप्राय है पूरक इकाइयों/सहायक ईकोसिस्टम सहित, कम्पनी के लिए संविदा के आधार पर, अथवा तृतीय पक्ष के पे-रोल पर काम करने वाले सभी कर्मचारी/ श्रमिक

2.16 **वित्तीय वर्ष**: का अभिप्राय है कि वित्तीय वर्ष, कैलेण्डर वर्ष के 1 अप्रैल से आरम्भ

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

होता है तथा अगले वर्ष 31 मार्च मार्च को समाप्त होता है।

2.17 **नोडल संस्थाः** का अर्थ है यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी), सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीनस्थ एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम। नोडल संस्था का पता प्रथम तल, नवचेतना केन्द्र, 10-अशोक मार्ग, लखनऊ-226001 है।

2.18 **परियोजना स्वीकृति तिथिः** का अभिप्राय है वह तिथि जब नोडल संस्था द्वारा लेटर ऑफ कम्फर्ट (LoC) जारी किया गया हो।

2.19 **प्रोत्साहन की अवधिः** का अर्थ है कि वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि से आवेदक को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अन्तर्गत अनुमन्य प्रोत्साहन की अवधि।

2.20 **नीति अवधि तथा प्रयोज्यताः** उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 छह (6) वर्षों के लिए वैध है। यह नीति पूरे राज्य को आच्छादित करती है तथा दिनांक 01 अप्रैल 2025 से वित्त वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश राज्य में इकाई द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय निवेश इस नीति के तहतनिवेश का दावा करने के लिए पात्र होंगे।

योजना से लाभान्वित होने वाली संस्थाओं को सम्पूर्ण परियोजना के वाणिज्यिक उत्पादन परिचालन की आरम्भ तिथि से कम से कम तीन वर्षों तक अपने वाणिज्यिक उत्पादन परिचालन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा और उन्हें इस आशय का एक औपचारिक वचन-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2.21 **लेटर ऑफ कम्फर्टः** लेटर ऑफ कम्फर्ट (LOC) का अभिप्राय है सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवेदक की परियोजना पर स्वीकृति के उपरान्त नोडल संस्था द्वारा जारी किया गया आदेश-पत्रक। लेटर ऑफ कम्फर्ट में स्थिर पूंजी निवेश (FCI), भूमि, रोजगार तथा परियोजना के अन्य विवरण, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रोत्साहनों के साथ-साथ आवश्यक नियम तथा शर्तों का उल्लेख सम्मिलित होगा।

2.22 **परियोजना को लेटर ऑफ कम्फर्ट और प्रोत्साहन संवितरण हेतु सक्षम प्राधिकारः**

2.22.1 इस नीति में इकाइयों के प्रस्ताव के आधार पर पात्र इकाई को लेटर आफ कम्फर्ट निर्गत करने के लिए पूर्व से विद्यमान उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति - 2020 (प्रथम संशोधन) के अधीन गठित नीति क्रियान्वन इकाई की संस्तुति पर रूपये 200 करोड़ तक के निवेश की परियोजनाओं पर विभागीय मंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त एवं रूपये 200 करोड़ से अधिक के निवेश की परियोजना को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित सशक्त समिति की संस्तुति के उपरांत मा. मंत्री परिषद् के अनुमोदन प्राप्त कर विभाग द्वारा लेटर आफ कम्फर्ट निर्गत किया जायेगा।

2.22.2 **प्रोत्साहन संवितरण हेतु सक्षम प्राधिकारीः** इकाई की पात्रता के आधार पर प्रोत्साहन संवितरण हेतु भारत सरकार द्वारा नीति में बनाई गयी व्यवस्था के

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

अनुरूप निम्नवत प्राधिकार होगा:

2.22.2.1 प्रोत्साहन संवितरण की वित्तीय सीमा रूपये 100 करोड़ तक के लिए पीआईयू की संस्तुति के क्रम में मा० विभागीय मंत्री के अनुमोदन उपरांत प्रोत्साहन वितरण स्वीकृत किया जायेगा।

2.22.2.2 रूपये 100 करोड़ से रुपये 200 करोड़ तक की सीमा के प्रोत्साहन का संवितरण मुख्य सचिव की समिति की संस्तुति के क्रम में विभाग द्वारा विभागीय मंत्री जी के अनुमोदन प्राप्त किये जायेंगे।

2.22.2.3 रुपये 200 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन संवितरण राशि अन्तर्निहित वाली परियोजनाएं अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों पर राज्य मंत्रिमंडल से मंजूरी के अधीन होंगी।

2.22.2.4 नीति में निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में इस नीति के अधीन प्रोत्साहन संवितरण विषयक वित्तीय मंजूरी/धनराशि अवमुक्ति प्रमुख सचिव आई टी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के द्वारा निर्गत की जाएगी।

2.23 **इकाई/परियोजना**: उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अन्तर्गत एक इकाई अथवा एक परियोजना का अभिप्राय है राज्य में स्थापित की जा रही एक नई इकाई/क्षमता विस्तार/विविधीकरण।

2.24 **पूंजीगत उपादान**: इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण परियोजनाओं द्वारा किए जाने वाले पूंजीगत लागत को कम करने के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता।

2.25 **स्टाम्प ड्यूटी**: विधिक दस्तावेजों पर, विशेषकर भूमि के क्रय या पट्टे से सम्बन्धित दस्तावेजों पर लगाया जाने वाला कर।

2.26 **विद्युत शुल्क**: विद्युत के उपयोग पर एक प्रकार का कर।

2.27 **बैंक/वित्तीय संस्थान**: समस्त अधिसूचित बैंक इसके अन्तर्गत आच्छादित होंगे। सभी वित्तीय संस्थान जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित हैं और जिनका नियमन उसके द्वारा किया जाता है, इसके अन्तर्गत आयेंगे।

2.28 **राज्य अभिकरण**

(i) विकास प्राधिकरण
(ii) आवास परिषद
(iii) उ०प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम
(iv) सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य की अन्य संस्था

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

2.29 अन्य परिभाषाएं: इस योजना के क्रियान्वयन में परिभाषाओं के बिन्दु पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ईसीएमएस योजना के अन्तर्गत जो परिभाषा वर्णित की गई है, उन्हें यथावत् ग्राह्य किया जाएगा, जब तक कि उपरोक्त विषय में इस नीति अथवा नीति के क्रियान्वयन से सम्बन्धित दिशानिर्देश के विषय में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा स्पष्ट रूप से प्रावधान अथवा परिभाषाएं निर्गत नहीं हैं। ऐसी दशा में जब कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत परिभाषा अथवा प्रावधान केन्द्र सरकार के ईसीएमस द्वारा निर्गत दिशानिर्देश के विपरीत (Conflict) होगा तो प्रकरण को सशक्त समिति के संज्ञान में लाते हुए स्थिति को स्पष्ट कराया जायेगा। परिभाषाओं एवं नीति के क्रियान्वयन में यह ध्यान रखा जाएगा कि किसी निवेशक/कम्पनी के इस नीति के विषय में वित्तीय लेखा जोखा सम्बन्धी आंकड़ों को राज्य के परिप्रेक्ष्य में उक्त निवेशक/कम्पनी द्वारा राज्य में उक्त विषयक किए गए निवेश, बिक्री, टर्नओवर आदि सम्बन्धित बिन्दुओं को ही प्रोत्साहन हेतु संज्ञान में लिया जाएगा। उदाहरणार्थ यदि किसी कम्पनी "ए" द्वारा राज्य में अवस्थित प्लान्ट "क' और राज्य के बाहर किसी अन्य राज्य में अवस्थित प्लान्ट "ख" को संयुक्त रूप से जोड़ते हुए केन्द्रीय ईसीएमएस योजनान्तर्गत पात्रता पूर्ण कर टर्नओवर लिंक्ड प्रोत्साहन केन्द्र से प्राप्त किया गया है तो इस उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 के अधीन उसके समानुपातिक प्रोत्साहन अनुमन्य किए जाने में महज राज्य के अन्दर अवस्थित प्लान्ट "क" से सम्बन्धित निवेश और बिक्री टर्नओवर को संज्ञान में लिया जायेगा और तद्नुसार प्रोत्साहन निर्धारण किया जायेगा।

2.30 <u>"संबंधित पक्ष लेनदेन"</u>: संबंधित पक्ष लेनदेन का अभिप्राय आवेदक इकाई और संबंधित पक्ष के बीच संसाधनों, सेवाओं या दायित्वों के हस्तांतरण से संबंधित कोई भी लेनदेन होगा, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(76) के तहत या लागू लेखांकन मानक (Ind AS 24, AS 18) के तहत परिभाषित किया गया है।

3. <u>नीति के अंतर्गत इकाई के योग्यता/पात्रता मानदंड</u>

इस नीति के अंतर्गत आवेदनों के लिए किसी इकाई हेतु सामान्य पात्रता/योग्यता मानदंड निम्नवत होंगे:

3.1 लक्षित घटक श्रेणी के उत्पाद (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), (GoI) द्वारा राजपत्र अधिसूचना संख्या CG-DL-E-08042025- 262341 दिनांक 08 अप्रैल 2025 के अनुसार) के विनिर्माण के लिए ग्रीनफील्ड या ब्राउनफील्ड निवेश के लिए आवेदन करने वाली इकाई पात्र होगी। पात्रता हेतु एक विनिर्माण इकाई होगी, जिसे आवेदक योजना के तहत लक्षित घटक के उत्पाद (वस्तु) के विनिर्माण के लिए स्थापित करना चाहता है। यह एक ग्रीनफील्ड परियोजना हो सकती है, यानी एक नई व्यावसायिक इकाई या ब्राउनफील्ड परियोजना, यानी क्षमता का

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

विस्तार/आधुनिकीकरण और/या मौजूदा इकाई का विविधीकरण। इकाई उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर स्थित होनी चाहिए। उपरोक्त के अतिरिक्त समय-समय पर इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ईसीएमएस योजना में प्रभावी किए जा रहे संशोधनों के अनुसार उपरोक्त उत्पाद की श्रेणी में नवीन संशोधन अनुमन्य किये जायेंगे।

3.2 आवेदक प्रत्येक लक्षित खंड श्रेणी के उत्पाद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करेगा।

3.3 योजना के अंतर्गत पात्रता हेतु, पूँजी निवेश एवं कारोबार से संबंधित सभी आँकड़े केवल आवेदक की उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर स्थित विनिर्माण इकाई के लिए लक्षित घटक वस्तुओं के विषय में विनिर्माण हेतु अर्हता के लिए पात्र माने जाएँगे।

3.4 आवेदक केवल एक लक्षित घटक उत्पाद के लिए एक आवेदन प्रस्तुत करेगा। प्रस्तुत आवेदन में संशोधन के मामले में, आवेदक को प्रस्तुत आवेदन को वापस लेना होगा और एक नए आवेदन को पुनः प्रस्तुत करना होगा।

3.5 इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), (GoI) द्वारा राजपत्र अधिसूचना संख्या CG-DL-E-08042025- 262341 दिनांक 08 अप्रैल 2025 के तहत अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ECMS) के अन्तर्गत प्रोत्साहन हेतु पात्र मानते हुए चयनित कर मंत्रालय से उपरोक्त इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ECMS) के अधीन प्रोत्साहन प्राप्त करने वाली इकाई को उत्तर प्रदेश राज्य के अधीन किये गए निवेश के अंतर्गत किसी भी देय प्रोत्साहन हेतु पात्रता की अर्हता उसी दशा में प्राप्त होगी जबकि उपरोक्त इकाई द्वारा सम्बंधित उत्पाद विषयक पूंजीगत निवेश और बिक्री (टर्नओवर) राज्य में अवस्थित इकाई द्वारा सुनिश्चित किया गया हो।

3.6 योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में चिन्हित घटक के विनिर्माण में राज्य और राष्ट्र के आत्म निर्भरता को प्रोत्साहित करना है अतः योजना अंतर्गत लक्षित घटक श्रेणी के उत्पाद (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), (GoI) द्वारा राजपत्र अधिसूचना संख्या CG-DL-E-08042025- 262341 दिनांक 08 अप्रैल 2025 के अनुसार) के विनिर्माण हेतु राज्य में निवेश करने वाली प्रत्येक इकाई पूंजीगत प्रोत्साहन हेतु इस नीति में पात्र होंगी, भले ही उनके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), (GoI) द्वारा अधिसूचित Electronics Component Manufacturing Scheme (ECMS) में निर्धारित पात्रता विषयक टर्नओवर, निवेश करने की न्यूनतम सीमा की अर्हता पूरी न की जा रही हो अर्थात उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा इस नीति के अधीन चिन्हित घटकों (Target segment of identified Electronic Components)के विनिर्माण सम्बन्धी पूंजी निवेश करने वाली इकाइयों को पूंजी उपादान हेतु पात्र माना जाएगा बशर्ते उनके द्वारा पूंजीगत निवेश के पश्चात उक्त चिन्हित घटक के वाणिज्यिक उत्पादन का कार्य आरम्भ कर दिया गया हो। किसी एक इकाई को एक ही श्रेणी में प्रोत्साहन अनुमन्य होगा अर्थात जिन इकाइयों को केंद्रीय योजना ECMS के

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

अधीन प्रोत्साहन अनुमन्य होगा वो इकाइयाँ तदनुसार केंद्रीय योजना ECMS के अनुरूप राज्य की इस योजना में टॉप अप के रूप में अतिरिक्त प्रोत्साहन की पात्र होंगी। और जिन इकाइयों को केंद्रीय योजना में कोई प्रोत्साहन प्राप्त नहीं होगा वो इस योजना अंतर्गत वर्णित प्राविधान के अनुसार पात्रता के आधार पर पूंजी उपादान हेतु अर्हता रखेंगी।

3.7 उपरोक्त योजना केन्द्र सरकार द्वारा लागू Electronics Component Manufacturing Scheme (ECMS) योजना के समयावधि तक प्रभावी रहेगी। वर्तमान में योजना की समयावधि के विषय में यह प्राविधानित है कि कुल समयावधि 06 वर्ष की होगी, जिसमें 01 (एक) वर्ष की परिपक्वता अवधि का भी प्राविधान है।

3.8 निवेश करने वाली योजना अंतर्गत चिन्हित पात्र इकाई के द्वारा योजना की क्रियान्वन अवधि में व्यावसायिक क्रियाकलाप किये जाने के विषय में उक्त इकाई के प्रबंधन /स्वामित्व के परिवर्तन की दशा में इकाई की पात्रता और योजना अंतर्गत प्रोत्साहन/ लाभ अनुमन्य किये जाने हेतु केन्द्रीय योजना Electronics Component Manufacturing Scheme (ECMS) के द्वारा निर्धारित किये गये प्राविधान, मार्गदर्शिका तथा इस विषय में राज्य सरकार द्वारा इस योजना (UP ECMP) के क्रियान्वयन हेतु निर्गत मार्गदर्शिका के अनुरूप इकाई को पात्रता/ प्रोत्साहन निर्धारण सुनिश्चित किया जायेगा।

3.9 **सम्बन्धित पक्ष लेन-देन से सम्बन्धित व्यवस्थाः**

सभी आरपीटी-लिंक्ड निवेश में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्बन्धित पक्ष लेन-देन (रिलेटेड पार्टी) हेतु निर्गत शासनादेश संख्या:236/78-01/2026 दिनांक 18 फरवरी 2026 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

4. स्वीकार्य प्रोत्साहन-लाभ

इस नीति के अन्तर्गत दिये जाने वाले वित्तीय प्रोत्साहन भारत सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले प्रोत्साहनों के अतिरिक्त हैं। तथापि भारत सरकार द्वारा दिए गए प्रोत्साहन सहित, किसी इकाई द्वारा समस्त स्रोतों से दावा किया गया प्रोत्साहन, जब तक कि नीति में अन्यथा न कहा गया हो, पात्र परियोजना लागत के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। मशीनरी/संयंत्र के क्रय से सम्बन्धित इन्वॉयसेज का, इन्वॉयस की तिथि अथवा परियोजना के व्यवसायीकरण की तिथि, जो भी पश्चातवर्ती हो, से एक वर्ष के अन्दर किए गए भुगतान को ही पात्र माना जाएगा।

5. उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति 2025 (UP ECMP 2025) के अधीन प्रोत्साहन

5.1 **<u>टॉप अप और अतिरिक्त प्रोत्साहन :</u>**

<u>ECMS के अधीन पात्र इकाइयों को टॉप अप एवं अतिरिक्त प्रोत्साहन</u> : उत्तर प्रदेश में अवस्थित इकाइयाँ राज्य में किये गए निवेश और बिक्री /टर्नओवर के लेखे के आधार पर इस अतिरिक्त टॉप अप प्रोत्साहन की पात्र होंगी। इस प्राविधान के अधीन जिन निवेशको

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

को MeitY के द्वारा लागू इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ECMS को राजपत्र अधिसूचना संख्या CG-DL-E-08042025- 262341 दिनांक 08 अप्रैल 2025 के माध्यम से अधिसूचित) में केंद्रीय योजना में प्रोत्साहन लाभ प्राप्त होगा उनके विषय में तदनुसार <u>राज्य सरकार से भी ECMS योजना के बराबर और समतुल्य प्रोत्साहन अनुमन्य होगा।</u> यह अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रत्येक घटक श्रेणी के उत्पाद के लिए केन्द्रीय योजना में अनुमन्य प्रोत्साहन के समतुल्य और समान होगा परन्तु किसी भी दशा में किसी इकाई को मिलने वाला कुल प्रोत्साहन (केन्द्रीय और राज्य द्वारा दिए जाने वाले दोनों प्रोत्साहन को जोड़ कर) इकाई द्वारा किये गए पात्र पूंजी निवेश की शत प्रतिशत सीमा तक ही सीमित होगा और उसके ऊपर अनुमन्य नहीं होगा।

5.2 <u>पूंजी उपादान(इकाई जो MeitY के ECMS के साथ टॉप अप में आच्छादित नहीं हैं):-</u> इस प्रोत्साहन के लिए वो इकाई पात्र नहीं होगी जिसे MeitY की ECMS योजना के अधीन प्रोत्साहन अनुमन्य होने के साथ राज्य द्वारा टॉप अप प्रोत्साहन अनुमन्य किया जायेगा। अतः ऐसी इकाइयाँ जो कि इलेक्ट्रोनिक घटक के विनिर्माण हेतु राज्य में निवेश के लिए इच्छुक हैं परन्तु किसी कारण MeitY के द्वारा अधिसूचित ECMS योजना का लाभ पाने से वंचित रहती हैं उन्हें उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति 2025 (UP ECMP 2025) के अंतर्गत इस नीति में वर्णित प्राविधान के अनुरूप किये गए पात्र पूंजीगत निवेश पर 20% प्रोत्साहन पूंजीगत उपादान के रूप में अनुमन्य होगा। यह पूंजीगत उपादान इकाई द्वारा सृजित किये गए रोजगार से भी लिंक्ड होगा और इकाई को अनुमन्य कुल पूंजीगत उपादान की धनराशि का 20% नीति के अन्तर्गत निर्धारित घटक के अनुरूप रोजगार सीमा को पूरा करने पर वितरित किया जाएगा। यानी ऐसे मामलों में जहां कोई आवेदक निवेश के पश्चात वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की सीमा को पूरा करता है, लेकिन वर्णित रोजगार सीमा को पूरा करने में असमर्थ है, उक्त इकाई को कुल पूंजीगत उपादान वितरण की धनराशि से 20% घटाकर प्रोत्साहन दिया जाएगा।

6. <u>राज्य में घरेलू सोर्सिंग/विनिर्माण हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहन</u>:

6.1 लिथियम-आयन सेल (डिजिटल अनुप्रयोग हेतु-स्टोरेज एवं मोबिलिटी को छोड़कर): निर्दिष्ट प्रोत्साहन के अतिरिक्त, कैथोड एक्टिव मटेरियल (CAM) के घरेलू सोर्सिंग/निर्माण (राज्य में) पर 2% अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा, बशर्ते अन्य पात्रता मानदंड पूरे किए गए हों।

6.2 मल्टी-लेयर पीसीबी: निर्दिष्ट प्रोत्साहन के अतिरिक्त, मल्टी-लेयर पीसीबी विनिर्माण हेतु लैमिनेट के घरेलू सोर्सिंग / निर्माण (राज्य में) पर 1% अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा, बशर्ते अन्य पात्रता मानदंड पूरे किए गए हों।

6.3 यदि उक्त अतिरिक्त प्रोत्साहन (6.1 एवं 6.2) के लिए इकाई केंद्रीय नीति के

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

अंतर्गत पात्र होती है, परन्तु घरेलू/सोर्सिंग विनिर्माण सम्बन्धी पात्रता के पूर्ण करने के स्रोत उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर किसी अन्य राज्य में होने की स्थिति है तो इकाई इस अतिरिक्त प्रोत्साहन के लिए अनुमन्य राशि के (यथा 2%; 1%) महज पचास प्रतिशत (50%)तक ही राज्य से प्राप्त करने के लिए पात्र होगी।

6.4 आंशिक घरेलू सोर्सिंग/निर्माण की स्थिति में:

यदि CAM/लैमिनेट का आंशिक ही घरेलू सोर्सिंग/निर्माण किया गया हो, तो अतिरिक्त प्रोत्साहन आनुपातिक (Prorata) आधार पर दिया जाएगा।

7. अन्य प्रोत्साहन:

वर्णित टॉप अप अतिरिक्त प्रोत्साहन व पूंजी उपादान प्रोत्साहन के प्राविधान के साथ ही अतिरिक्त रूप से इस नीति में पात्र इकाई को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 (प्रथम संशोधन) के अधीन अनुमन्य (आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के शासनादेश संख्या:1922/78-1-2023-05आईटी/2020 दिनांक 07 दिसम्बर 2023 द्वारा यथा प्राविधानित) अन्य प्रोत्साहन भी अनुमन्य होंगे जो निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्र से संबंधित हैं:

- स्टाम्प ड्यूटी लाभ
- विकास प्राधिकरणों/राज्य एजेंसियों द्वारा आवंटित भूमि पर 25% सब्सिडी, (बुन्देलखंड एवं पूर्वांचल में 50% तक)
- इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी से छूट
- ब्याज सब्सिडी
- पेटेंट लागत प्रतिपूर्ति
- कौशल विकास एवं अन्य सहायता
- ईपीएफ प्रतिपूर्ति
- पट्टा किराया
- लॉजिस्टिक्स सब्सिडी
- अनुसंधान एवं विकास सहायता

8. पूंजीगत निवेश पर सब्सिडी (Eligible CAPEX for Capital Subsidy) में भवन एवं भूमि का मूल्य हेतु अनुमन्यता :

यद्यपि पात्र पूंजी निवेश की गणना में अधिसूचित केंद्रीय योजना ECMS में भूमि और भवन के निर्माण कार्य में किसी व्यय को स्थिर पूंजी निवेश हेतु पात्र नहीं माना गया है, तथापि ऐसे निवेशक जो केंद्रीय योजना (ECMS) में आच्छादित होने से वंचित रहते हैं और राज्य द्वारा तदनुसार टॉप अप प्रोत्साहन के प्रविधान से आच्छादित नहीं होते परन्तु इस नीति के अधीन चिन्हित घटकों के विनिर्माण हेतु राज्य में निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें नीति के अंतर्गत अतिरिक्त प्रोत्साहन के दृष्टिगत राज्य द्वारा दिए जाने वाले पूंजी

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

उपादान की गणना में पात्र स्थिर पूंजीगत निवेश की पात्रता के लिए भूमि व भवन की लागत को निम्नानुसार सीमा तक अनुमन्य किया जायेगा :- **भूमि व भवन की पर किये गए निवेश लागत को बिना सम्मिलित किये इकाई द्वारा की जा रही पात्र स्थिर पूंजी निवेश की राशि के 30% की सीमा अथवा रूपये 50 करोड़ तक में जो भी कम हो को आवश्यक भूमि और भवन (कारखाना भवन/निर्माण सहित) पर किया गया व्यय के रूप में पात्र पूंजी निवेश के रूप में शामिल किया जाएगा।** इस मद में अनुमन्यता हेतु किसी पूर्व से विद्यमान भूमि अथवा भवन में किये गए किसी प्रकार के निर्माण कार्य को दावा में नहीं शामिल किया जायेगा और इस लाभ हेतु इकाई द्वारा इस नीति के आरम्भ तिथि के बाद किसी भूमि के क्रय अथवा किये गए नवीन भवन निर्माण के व्यय के ब्यौरा को शामिल किये जाने पर पात्रता के आधार पर परीक्षणोंपरांत अनुमन्य किया जायेगा। इस प्रस्तर के अधीन अनुमन्य पूंजी उपादान विषयक प्रोत्साहन में पात्र स्थिर पूंजी निवेश के अधीन अन्य मदों के विषय हेतु पूर्व से विद्यमान उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स नीति 2020(यथा संशोधित) के प्राविधान के अनुरूप अनुमन्य पूंजी निवेश के प्राविधान लागू होंगे।

पुनः यह स्पष्ट किया जाता है कि इस प्रस्तर के अधीन यह अतिरिक्त प्रोत्साहन प्राविधान उन इकाइयों को अनुमन्य नहीं होगा जिन्हें केंद्रीय योजना (ECMS) अंतर्गत प्रोत्साहन प्राप्त होगा। केंद्रीय ECMS योजना के अंतर्गत चिन्हित किसी श्रेणी घटक में MEITY द्वारा पूंजी उपादान जिस प्रकार अनुमन्य होगा, राज्य की ऐसी इकाइयों को केंद्रीय योजना में अनुमन्य किये गए पूंजी उपादान के समतुल्य ही उपादान राज्य द्वारा अनुमन्य होगा और इस प्रस्तर का प्राविधान उनके लिए किसी अतिरिक्त उपादान की पात्रता की अर्हता नहीं प्रदान करेगा।

9. **प्रोत्साहन संवितरण समय-सीमा**:

9. 1 **<u>केंद्रीय योजना के अधीन प्रोत्साहित इकाइयों को टॉप अप</u>**: ऐसी इकाइयाँ जो MeitY की ECMS योजना के अधीन प्रोत्साहन प्राप्त करेंगी वो इस योजना के अधीन उसी प्रकार के प्रोत्साहन को केंद्रीय प्रोत्साहन के समतुल्य प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। इस हेतु सम्बन्धित इकाई को MeitY में आवेदन के साथ-साथ राज्य में भी आवेदन करना होगा। अग्रेतर MeitY द्वारा प्रोत्साहन स्वीकृति वितरण प्राप्त होने के अधिकतम तीन माह में उक्त विवरण के साथ इकाई द्वारा राज्य को अवगत कराते हुए निर्दिष्ट प्रक्रिया अनुसार आवेदन करना होगा। रूपये 50 करोड़ की सीमा तक प्रोत्साहन एक किश्त में राज्य द्वारा वितरित किया जायेगा। यदि प्रोत्साहन धनराशि रूपये 50 करोड़ से अधिक होगी तो तदनुसार वार्षिक किश्त रुपये 50 करोड़ की निर्धारित करते हुए प्रोत्साहन अनुमन्य होगा। उक्त निर्धारण किये जाने में किसी एक वर्ष की प्रोत्साहन राशि के आगामी वर्ष में इकाई को प्राप्त होने वाली प्रोत्साहन से लिंक्ड नहीं रहेगा और वर्षानुवर्ष प्रोत्साहन की राशि के विषय में किश्त पृथक-पृथक निर्धारण किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

9.2 इकाई जो MeitY के ECMS के साथ टॉप अप में आच्छादित नहीं हैं:- ऐसी इकाइयों को पूंजी उपादान मद में संवितरण निम्नवत होगा: पात्र CAPEX (राज्य में किये गए पात्र पूंजीगत निवेश) का 60% पहली किस्त में वितरित किया जाएगा और शेष 40% किस्त आगामी वर्षों में वितरित किया जाएगा। पहले वर्ष की किस्त की अधिकतम सीमा 30 करोड़ रुपये या CAPEX प्रोत्साहन का 60% जो भी कम हो, होगी। इकाई के CAPEX प्रोत्साहन के वितरण के पहले वर्ष के बाद शेष राशि अगले वर्षों में वितरित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक किस्त अधिकतम 25 करोड़ रुपये तक होगी। CAPEX प्रोत्साहन पात्रता 150 करोड़ रुपये से अधिक होने की स्थिति में, पहली किस्त 50 करोड़ रुपये की होगी और उसके बाद की किस्तें 4 बराबर किस्तों में होंगी, ताकि पाँच वार्षिक किस्तों में संपूर्ण CAPEX प्रोत्साहन का भुगतान किया जा सके।

9.3 किसी इकाई को समस्त श्रोतो से प्राप्त सभी प्रोत्साहनों का कुल योग, योजना अवधि में आवेदक द्वारा किए गए वास्तविक पात्र पूँजी निवेश के 100% तक सीमित होगा।

10. केस टू केस प्रोत्साहन:

किसी इकाई द्वारा बड़े निवेश परियोजनाओं (योजना अवधि में रूपये 2000 करोड़ से अधिक निवेश) के लिए, सशक्त समिति (Empowered Committee) मा. मंत्रिपरिषद को निम्न सिफारिश कर सकती है:

- इस नीति के तहत निर्धारित किसी भी मानदंड में छूट, या
- किसी भी प्रोत्साहन की प्रस्तावित सीमा में वृद्धि।

ऐसे निवेशकों (रूपये 2,000 करोड़ से अधिक) के मामले में इस नीति में अनुमन्य प्रोत्साहन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य प्रोत्साहन दिए जाने के लिए सशक्त समिति के द्वारा की गयी संस्तुति के क्रम में मा. मंत्री परिषद् द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन पैकेज निर्धारण किया जा सकेगा। इस विषय में यह ध्यान रखा जायेगा कि केस टू केस आधार पर किसी इकाई को प्रोत्साहन अनुमन्य करने में प्रस्तावित कस्टमाइज पैकेज में अनुमन्य समस्त स्रोतों से प्राप्त सभी प्रोत्साहन में अन्तर्निहित कुल वित्तीय उपाशय किसी भी दशा में इकाई द्वारा किये गए कुल पात्र स्थिर पूंजी निवेश की शत-प्रतिशत सीमा में ही अनुमन्य होगा अर्थात किसी भी इकाई को इस नीति के अधीन किसी भी केस टू केस प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा उक्त इकाई द्वारा किये गए पात्र स्थिर पूंजी निवेश की शत प्रतिशत सीमा तक ही अनुमन्य हो सकेगी।

11. प्रोत्साहन अवधि:

11.1 इस नीति की कुल अवधि 6 वर्ष है। दिनांक 1 अप्रैल, 2025 से वित्त वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश राज्य में इकाई द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय निवेश इस नीति के तहत निवेश का दावा करने के लिए पात्र होंगे।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

11.2 जिन इकाइयों द्वारा MeitY के ECMS और UP ECMP दोनों का लाभ प्रदत्त होना है उन्हें इस विषय में भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन स्वीकृति की तिथि के बाद राज्य के प्रोत्साहन अनुमन्य होंगे|

11.3 इस योजना के अंतर्गत पात्रता किसी अन्य योजना के अंतर्गत पात्रता को प्रभावित नहीं करेगी परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार की किसी अन्य योजना के अंतर्गत प्रोत्साहित किए गए निवेश/बिक्री इस योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन के लिए पात्र नहीं होंगे। आवेदक को इस संबंध में एक प्रबंधन वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी।

12. **प्रोत्साहन हेतु लक्षित खंड श्रेणी -विशिष्ट पात्रता मानदंड**

12.1 डिस्प्ले मॉड्यूल उप-असेंबली (Display Module Sub-assembly):

- आवेदक को योजना के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने हेतु **फिल्म ऑन ग्लास (FOG) एवं चिप ऑन ग्लास (COG)** प्रक्रियाएँ (जहाँ लागू हों) सहित **संपूर्ण उप-असेंबली प्रक्रिया** उत्तर प्रदेश में करनी होगी।
- **अर्ध-असेंबल्ड उत्पाद** (Semi-assembled Product) से की गई अंतिम असेंबली **पर** प्रोत्साहन नहीं दिया जाएगा।

12.2 कैमरा मॉड्यूल उप-असेंबली (Camera Module Sub-assembly):

- आवेदक को **सब्सट्रेट पर घटकों की सरफेस माउंटिंग, फ्रंट** ऑन लाइन (FOL) **प्रक्रिया** एवं एंड ऑफ लाइन (EOL) **प्रक्रिया** (जहाँ लागू हों) सहित **संपूर्ण** उप-**असेंबली** उत्तर प्रदेश में करनी होगी।
- अर्ध-**असेंबल्ड** उत्पाद से की गई अंतिम असेंबली पर प्रोत्साहन नहीं दिया जाएगा।

12.3 मल्टी-लेयर पीसीबी (Multi-layer PCB):

- **आवेदक को दूसरे वर्ष से प्रतिवर्ष** निम्न में से कम से कम एक भाग/**घटक** का स्थानीयकरण करना होगा:
- कोई भी **प्रोसेस केमिस्ट्री मटेरियल,**
- कोई भी **फिनिश्ड केमिस्ट्री मटेरियल,**
- **सोल्डर मास्क इंक,**
- **टिन बॉल्स एवं सोल्डर।**
- **प्रोसेस केमिस्ट्री मटेरियल** एवं **फिनिश्ड केमिस्ट्री मटेरियल** का स्थानीयकरण **योजना** अवधि में **केवल एक वर्ष** के लिए ही मान्य होगा।

12.4 डिजिटल अनुप्रयोगों हेतु लिथियम-आयन सेल (Li-ion Cells for Digital Applications - Storage & Mobility को छोड़कर):

- **प्रोत्साहन** हेतु आवेदक को निम्न शर्तें पूरी करनी होंगी:
- **निर्मित Li-ion सेल** का उपयोग डिजिटल **अनुप्रयोगों** (स्टोरेज एवं मोबिलिटी को **छोड़कर)**

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

के लिए होना चाहिए।

- सेल की क्षमता 10,000 mAh से अधिक नहीं होनी चाहिए (प्रिज्मैटिक, पाउच या सिलिंड्रिकल किसी भी प्रकार का हो सकता है)।
- **दूसरे वर्ष से प्रतिवर्ष** निम्न में से कम से कम एक घटक का स्थानीयकरण करना होगा:
    - इलेक्ट्रोलाइट,
    - एनोड इलेक्ट्रोड,
    - कैथोड इलेक्ट्रोड।

12.5 मोबाइल, आईटी हार्डवेयर उत्पादों एवं संबंधित उपकरणों के आवरण (Enclosures):

- **आवेदक को धातु, प्लास्टिक या कांच से आवरण का निर्माण करना होगा।**

